भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2093

उत्तर देने की तारीख : 02.12.2019

केन्द्रीय विद्यालय में रिक्तियां

2093. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
श्री कुलदीप राय शर्माः
डॉ. सुभाष रामराव भामरेः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्रीय विद्यालयों (केवी) में अध्यापकों की कमी का कक्षा दस से बारहवीं के दोनों पाली के छात्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और यदि हां, तो देश में आज की तारीख तक राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार अध्यापकों के कुल कितने पद रिक्त हैं तथा सरकार द्वारा इन्हें भरने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं;

(ख) क्या केन्द्रीय विद्यालयों द्वारा स्थापित ई.क्लासरूम जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए बनाए थे; काम नहीं कर रहे हैं क्योंकि अध्यापक इनका प्रयोग नहीं कर रहे हैं या इनमें से अधिकांश कार्यशील नहीं हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा अध्यापकों द्वारा ई-क्लास रूम का प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए क्या सख्त कार्रवाई की गई है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविएस) ने सूचित किया है कि दिनांक 15.11.2019 तक, देश में विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों (केवि) में संस्वीकृत 48236 पदों में से 5949 शिक्षण पद खाली पड़े हुए हैं| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण संलग्न है| रिक्तियों का भरा जाना एक निरंतर प्रक्रिया है तथा पदों को भरे जाने हेतु संबंधित भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार समय-समय पर कार्रवाई की जाती है| केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा अस्थायी अवधि के लिए अनुबंध आधार पर भी शिक्षकों को नियुक्त किया जाता है ताकि शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया बाधित न हो|

(ख) और (ग) जी नहीं| गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दृष्टि से केंद्रीय विद्यालयों में स्थापित ई-कक्षाओं का शिक्षकों द्वारा उपयोग किया जा रहा है| शिक्षकों द्वारा विकसित और ओपन सोर्स से उपलब्ध ई-सामग्री का उपयोग शिक्षण अधिगम प्रक्रिया की गुणवत्ता को समृद्ध करने के लिए विषय और शीर्षक की जरूरत के अनुसार उपयोग किया जा रहा है|

*****

संलग्नक

माननीय संसद सदस्य श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे, डॉ. अमोल रामसिंह कोल्खे, श्रीमती सुप्रिया सुले, श्री कुलदीप राय शर्मा और डॉ. सुभाष रामराव भामरे द्वारा दिनांक 02 दिसंबर, 2019 को उठाए गए अतारांकित प्रश्न सं. 2093 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित संग्लन

केंद्रीय विद्यालयों में दिनांक 15.11.2019 तक शिक्षण स्टाफ के स्वीकृत पदों, भरे हुए और रिक्त पदों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	शिक्षण स्टाफ		
		संस्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	108	97	1 1
2	आंध्र प्रदेश	1189	989	200
3	अरुणाचल प्रदेश	443	354	89
4	असम	2117	1750	367
5	बिहार	1825	1625	200
6	चंडीगढ़	286	272	14
7	छत्तीसगढ़	1205	981	224
8	दादरा एवं नगर हवेली	38	33	5
9	दमन और दीव	23	19	4
10	दिल्ली	3651	3514	137
1 1	गोवा	202	164	38
12	गुजरात	1558	1379	179
13	हरियाणा	1246	1171	75
14	हिमाचल प्रदेश	680	591	89
15	जम्मू और कश्मीर	1115	860	255
16	लेह	30	19	1 1
17	झारखंड	1216	1074	142
18	कर्नाटक	1982	1722	260
19	केरल	1795	1598	197
20	लक्षद्वीप	22	16	6
21	मध्य प्रदेश	3994	3468	526
22	महाराष्ट्र	2835	2513	322
23	मणिपुर	262	207	55
24	मेघालय	230	193	37
25	मिजोरम	95	69	26
26	नागालैंड	144	103	41
27	ओडिशा	2004	1665	339

28	पुडूचेरी	146	117	29
29	पंजाब	1926	1662	264
30	राजस्थान	2635	2440	195
31	सिक्किम	54	41	13
32	तमिलनाडु	1927	1634	293
33	तेलंगाना	1277	1099	178
34	त्रिपुरा	262	213	49
35	उत्तर प्रदेश	5711	5154	557
36	उत्तराखंड	1615	1420	195
37	पश्चिम बंगाल	2388	2061	327
	कुल	48236	42,287	5949

*****